**खबर संक्षेप**

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**मण्डला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 10 मई 2025 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। अपर कलेक्टर ने बताया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में चिन्हित किए गए मुकदमा पूर्व एवं न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जायेगा।

## नहीं रहीं लोकप्रिय पार्षद ज्योति चौरसिया



**मण्डला।** मण्डला नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 8 श्रीराम वार्ड की पार्षद श्रीमती ज्योति चौरसिया का कल हृदय गति रुकने से दुखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। पार्षद ज्योति चौरसिया अपने मिलनसार स्वभाव, जनसेवा और वार्ड के विकास कार्यों को लेकर जानी जाती थीं। वे हमेशा वार्डवासियों की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहती थीं और लोगों के बीच लोकप्रिय थीं। नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों व नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया है। उनके निधन को नगर की राजनीतिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। हरिभूमि परिवार भी ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति दे ऐसी प्रार्थना करता है।

**10वीं में दूसरा व 12वीं में चौथा स्थान, 11 छात्र पहुंचे प्रदेश मेरिट लिस्ट में**

# बोर्ड परीक्षा में जिले की बड़ी उपलब्धि




*** 11 छात्र-छात्राओं ने मेरिट सूची में बनाया स्थान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश (एमपी बोर्ड) द्वारा सोमवार को घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में मंडला जिले ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरव हासिल किया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले ने कक्षा 10वीं में 89.83% औसत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान, तथा कक्षा 12वीं में 85.05% औसत अंक अर्जित कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। साथ ही मंडला जिले के कुल 11 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। कक्षा 10वीं: छह छात्र मेरिट सूची में- कक्षा 10वीं में जिले के 6 छात्रों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जिनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैं: कु. जिया बघेल – अमल ज्योति इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल, महाराजपुर– 494 अंक – प्रदेश में सातवां स्थान, विराज चावला, सुरभि लालवानी, यशस्वी प्रजापति – ज्ञान ज्योति ईएम हायर सेकंडरी स्कूल, नैनपुर – 493 अंक – आठवां स्थान, पूर्वी ठाकुर – ज्ञान ज्योति स्कूल – 491 अंक – दसवां स्थान, सलोनी चांदेवार – विवेकानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, निवारी नैनपुर– 491 अंक – दसवां स्थान, इस प्रकार, 10वीं के 6 टॉपर्स में से 4 छात्र ज्ञान ज्योति स्कूल, 1 अमल ज्योति स्कूल और 1 विवेकानंद स्कूल से हैं। शासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन मेरिट सूची में शून्य रहा।

### कक्षा 12वीं: पांच छात्रों ने बढ़ाया जिले का मान

कक्षा 12वीं में जिले के 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश मेरिट सूची में स्थान पाया: कु. अनुष्का सोनवानी – भारत ज्योति विद्यालय मंडला – 475 अंक – नौवां स्थान (जीवविज्ञान संकाय), जीशान कुरैशी – ज्ञान ज्योति स्कूल, नैनपुर – 488 अंक – तीसरा स्थान (वाणिज्य), तेजस ठाकुर – ज्ञान ज्योति स्कूल, नैनपुर – 487 अंक – चौथा स्थान (वाणिज्य), शौर्य नाहटा – ज्ञान ज्योति स्कूल, नैनपुर – 484 अंक – सातवां स्थान (वाणिज्य), प्रिंसी पटेल – अमल ज्योति स्कूल, महाराजपुर – 480 अंक – चौथा स्थान (जीवविज्ञान) शासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन यहां भी कमजोर रहा, जबकि निजी विद्यालयों ने मेरिट सूची में वर्चस्व बनाए रखा।




### जिला प्रशासन और जनता ने दी शुभकामनाएं

जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। जिले के शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने भी सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

ज्ञान ज्योति स्कूल नैनपुर ने प्रदेश एवं जिला स्तर पर परचम लहराया।

### म.प्र. प्रावीण्य सूची में 7 विद्यार्थियों ने दिलाया गौरव, परीक्षा परिणाम 100%

विकास समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल, नैनपुर ने वर्ष 2024-25 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किया, बल्कि प्रदेश एवं जिला प्रावीण्य सूची में भी गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं के घोषित परिणामों के अनुसार विद्यालय के 07 विद्यार्थियों ने म.प्र. प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया, जो जिले एवं विद्यालय दोनों के लिए गर्व की बात है।

12वीं (अंग्रेजी माध्यम, वाणिज्य संकाय) के प्रमुख परिणाम – मो. जीशान कुरैशी (पिता – शफीक कुरैशी) – 97.6% – प्रदेश में तृतीय स्थान, तेजश ठाकुर (पिता – दीपक ठाकुर) – 97.4% – चतुर्थ स्थान, शौर्य नाहटा (पिता – सुबोध नाहटा) – 96.8% – सप्तम स्थान।

10वीं (अंग्रेजी माध्यम) के प्रमुख परिणाम – विराज चावला, यशस्वी प्रजापति (पिता – कृष्ण कुमार प्रजापति) एवं सुरभि लालवानी (पिता – संजय लालवानी) – तीनों को 98.6% अंक, अष्टम स्थान, पूर्वी ठाकुर (पिता – दामोदर सिंह ठाकुर) – 98.2%, दशम स्थान।

विद्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार – 12वीं (अंग्रेजी माध्यम) में कुल 74 में से 71 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 12वीं (हिंदी माध्यम) में 30 में से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 10वीं (अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम) में कुल 142 विद्यार्थी शामिल हुए, सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण। 8वीं (दोनों माध्यम) में 195 में से 194 प्रथम श्रेणी एवं 1 द्वितीय श्रेणी। 5वीं (दोनों माध्यम) में 166 में से 162 प्रथम श्रेणी एवं 3 द्वितीय श्रेणी।

छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत नैनपुर विकास समिति द्वारा – म.प्र. प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 50,000, *जिला प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों को 10,000, कक्षा 5वीं व 8वीं के प्रावीण्य सूची में चयनित विद्यार्थियों को 5,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

## खरीदी केन्द्रों से 5 दिवस में शत प्रतिशत परिवहन कराएं-सीईओ जि.पं.

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने रबी उपार्जन 2025 के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि गेहूँ की खरीदी का कार्य पूर्ण हो चुका है। उपार्जन पश्चात खरीदी केन्द्रों से अगले 5 दिनों में शतप्रतिशत परिवहन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभी उपार्जित गेहूं की बहुत बड़ी मात्रा केन्द्रों में शेष है जिसका परिवहन कराया जाना है। भुगतान के संबंध में समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वीकृत मात्रा के विरूद्ध भुगतान शतप्रतिशत होना चाहिए। इसके लिए सभी तकनीकि समस्याओं को समाप्त करते हुए 7 दिवस के भीतर संबंधितों के खातों का भुगतान सुनिश्चित कराएं। परिवहन के बाद भी स्वीकृति का प्रतिशत कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीईओ ने निर्देशित किया कि परिवहन होने के बाद स्वीकृति में गेप नहीं होना चाहिए। गोदाम स्तर पर भी लगभग 2 हजार मेट्रिक टन की स्वीकृति शेष है, इसे 2 दिवस में पूर्ण कराएं। बैठक में उपसंचालक कृषि जिला आपूर्ति अधिकारी सहकारिता प्रबंधक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें - अपर कलेक्टर

जिला योजना भवन में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन एवं समाधान ऑनलाईन की समीक्षा बैठक में कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें। कलेक्टर आईडी में जो शिकायतें हैं उन्हें प्राथमिकता से लेते हुए प्रत्येक प्रकरण में फॉलोअप करें एवं समुचित जवाब दर्ज कराएं। सीएम हेल्पलाईन में जिले की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है इसलिए दैनिक आधार पर फॉलोअप लेते हुए शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। 50 दिवस एवं 100 दिवस वाली शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है यह स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि समग्र ई-केवाईसी का काम मंद गति से चल रहा है इसकी गति बढ़ाएं। आवश्यकतानुसार आधार कैम्प लगाएं। समाधान के संबंध में अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख समाधान के एट्रीब्यूट्स को अच्छी तरह पढ़ें और उनसे संबंधित शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए निराकरण कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएम वर्मा सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## सानिया सिंगरौर विज्ञान संकाय में अव्वल



**नारायणगंज।** कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणगंज विज्ञान संकाय की होनहार छात्रा कुमारी सानिया सिंगरौर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में 93.2 अंक अर्जित कर विद्यालय एवं विकासखंड का नाम गौरंबित किया है कुमारी सानिया सिंगैरौर दवा व्यवसाय श्री अनिल सिंगरौर माता श्रीमती मधु सिंगरौर की सुपुत्री हैं उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवार एवं स्कूल के शिक्षकों ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## अमन और अंतरा दोनों ने किया नगर को गौरवान्वित



**भुआबिछिया।** दिनांक 06/05/25 दिन मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वी के बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए जिसमें सी. एम. राइज स्कूल बिछिया में अध्ययनरत छात्र अमन पांडे सुपुत्र अरूण पांडे माता श्रीमती निशा पांडे ने 500 में से 471 अंक प्राप्त कर 94.2% अर्जित किए और नगर में गणित संकाय से प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही बम्हनी विद्यालय में अध्ययनरत इन्हीं की बहन अंतरा पांडे पिता अरूण पांडे ने कक्षा 10 वीं में 500 में से 489 अंक प्राप्त कर 97.8% अर्जित कर मंडला जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आप दोनों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं है।

**आयोजन** | **आसपास के दर्जनों ग्रामों में नौ दिन तक रहा धार्मिक माहौल।**

# निरंजनेश्वर आश्रम में नवदिवसीय श्रीराम कथा

*** समापन अवसर पर पधारे संतगण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



खैरीमाल निरंजन महादेव मंदिर आश्रम में नवदिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया आयोजन इस आश्रम के महंत श्री भारती महाराज एवं उनके अनुयायियों द्वारा यह आयोजन किया गया। कथा वाचक अनिल पाराशर शास्त्री जी द्वारा श्रीराम कथा का सुंदर श्रवण कराया गया। 28 अप्रैल को कलश पूजा के साथ श्रीराम कथा प्रारंभ हुई रोजाना सुबह 12 बजे से शाम 4 बजे तक कथा श्रवण कराई गई जिसे सुनने आसपास के दर्जनों ग्रामों के लोग पहुंचते थे।



महाराज जी के द्वारा जिस तरह से श्रीराम कथा लोगों को श्रवण कराई गई उसका ही असर रहा कि लोग एक बार सुनने आये तो फिर आते चले गये। शास्त्री जी ने बड़े ही सामान्य शब्दों में श्रीराम चरित मानस का व्याख्यान किया उन्होंने बताया कि कैसें हर समय काल में यह ग्रंथ सामाजिक मूल्यों, राजनैतिक आदर्शों एवं पारिवारिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिये महत्वपूर्ण रहा है। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी की यह कथा बड़ी ही मार्मिक भी है तो असत्य पर सत्य की विजय को परिभाषित भी करती है। परिवार में माता-पिता, भाईयों के बीच एवं राजनैतिक जीवन में राजा के आदर्शों को लेकर इस ग्रंथ में विस्तार से वर्णन किया गया है।

जिस तरह अनिल शास्त्री जी द्वारा कथाओं के माध्यम से एवं राम चरित मानस के प्रसंगों के माध्यम से राजा दशरथ के पुत्रों के बीच प्रेम को बताया गया उसे सुनकर सभी उनसे न केवल प्रभावित हुये बल्कि भगवान राम एवं भरत के बीच के प्रगाण प्रेम का जिस तरह से उन्होंने वर्णन किया वह सुनकर महंत श्री भारती दास जी महाराज भी भावुक हो गये।

नौ दिनों के इस कार्यक्रम में यहां आसपास के क्षेत्रों के संतगण मौजूद रहे तो वहीं समापन अवसर पर बड़ी संख्या में संतों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा इस आयोजन को सफल बनाया श्रीराम कथा पूर्णरूप से प्राकृतिक वातावरण में आयोजित की गई जहां बांस के मंडप बनाये गये उन पर हरी पत्तियाँ छायी गई और इस मंडप के नीचे कथा श्रवण कराई गई जिस तरह कागभुसुंड जी रोजाना राम चरित मानस का पाठ करते हैं उसी तरह इस स्थान पर भी माँ नर्मदा के तट पर श्रीराम कथा श्रवण कराई गई।




# सालीचौका सहित क्षेत्र में नियम विरूद्ध चल रहे ईट भट्टों के अवैध कारोबार से चलते पर्यावरण पर पड़ रहा विपरीत असर, प्रशासन की अनदेखी के चलते हरे भरे वृक्षों को काटकर किया जा रहा भट्टो में उपयोग, लगातार आवाज उठाने के बाद भी प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यान






हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।

जहां एक ओर सरकार द्वारा हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च करते हुए जिस प्रकार से हरियाली महोत्सव मनाते हुए लोगों को वृक्षारोपण करने के साथ साथ उनकी रक्षा करने का संदेश दिया जाता है। मगर वही दूसरी ओर कुछ साल पहले तो सच्चाई इस प्रकार से देखने मिली है कि सरकार द्वारा अपना पैसा खर्च करते हुए किसानों के खेतो पर भी वृक्षारोपण कराये गये है। मगर इस समय जिस प्रकार से इन वृक्षों का खुलेआम कत्लेआम हो रहा है उस सच्चाई को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते क्षेत्र में पर्यावरण को तो क्षति पहुंच ही रही है। वही दूसरी ओर नगर के लोगों को भी अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना कराने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? इस संबंध में बताया जाता है कि सालीचौका सहित क्षेत्र में अनेक जगहों पर खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जहां खुलेआम मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए ईट भट्टो का कार्य किया जा रहा है। वही कुछ लोगों द्वारा इस शासकीय भूमि की मिट्टी का खनन कराते हुए उसे बेचकर अपने जेबे भरने में भी कोई कसर नही छोड़ी जा रही है..? इस प्रकार से क्षेत्र में जहां तहां खुलेआम चल रहे ईट भट्टो के कारण नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण प्रदूषित होते हुए देखा जा रहा है तथा गर्मी के मौसम में यहां का तापमान भी इन ईट भट्टो के चलते अधिक महसूस किया जाता है..? जबकि मिट्टी खनन से लेकर ईट भट्टो के कारोबार को संचालित करने के लिए निर्धारित नियमों व माप दंडो का पालन करना अनिवार्य होता है, जिसमें ईट भटटे को लगाने के लिए रहवासी क्षेत्रो से दूर होने के साथ साथ मुख्य मार्ग के पास नही होना चाहिए। वही दूसरी ओर ईट भट्टे को उस जगह लगाया जाता है जहां पर छोटे बच्चे आसानी से न पहुंच पाये और ईट भट्टे में लकड़ी की जगह कोयला का उपयोग करना बताया जाता है। कुछ इसी प्रकार से मिट्टी खनन करने के लिए शासकीय भूमि पर बगैर सक्षम अधिकारी के अनुमति के बगैर मिट्टी खोदना अवैधानिक बताया जाता है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से मिट्टी की खुदाई का कार्य सार्वजनिक नदी या नाले के समीप, शासकीय भवन सहित मुख्य मार्ग के किनारे नही किया जा सकता है? मगर इसके बाद भी यहां पर देखा जा रहा है कि जहां शासकीय भूमि की मिट्टी पर खुलेआम अवैध उत्खनन करते हुए लोगों द्वारा उसका विक्रय किया जा रहा है तो दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा नियम विरूद्व मिट्टी का खनन करते हुए ईटों का निर्माण भी किया जा रहा है? इतना ही नही ईटों का निर्माण करने के साथ साथ जिस प्रकार से रहवासी क्षेत्र व मुख्य मार्ग के किनारे ईट भट्टे लगाये जा रहे है उसके चलते आम लोगों के जीवन के लिए खतरा पैदा तो हो ही रहा था साथ ही साथ जिस प्रकार से इन ईट भट्टो में भारी भरकम हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम करते हुए उन्हें ईट भट्टों में झोकने से नही चूक रहे है। इसी का कारण कि जहां एक ओर पर्यावरण को क्षति पहुंचते हुए देखी जा रही है। सच्चाई पर गौर किया जावे तो अक्सर देखा जाता है कि इन ईट भटटो में जब आग लगाई जाती है तो संपूर्ण क्षेत्र में धुंआ फैलने के साथ साथ आग के अंगरे भी फैलते हुए दिखाई पड़ने से लोगों को अधिक गर्मी का अहसास होने से भी नही बच पाता है तो दूसरी ओर लोगों के खेतों में खड़ी हुई फसलों में आग लगने की संभानाएं भी पैदा होने लगती है? इस प्रकार से खुलेआम नियम विरूद्व हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम करते हुए ईट भट्टो में उपयोग होने की सच्चाई व शासकीय भूमि पर चल रहे इस अवैध कारोबार को लेकर संबंधित विभाग की चुप्पी अनेक संदेहों का जन्म देते हुए जान पड़ रही है..? इस संबंध में जब क्षेत्र के लोगों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यह क्षेत्र शासकीय बहु मूल्य जगह मानी जाती है। मगर इस जगहों पर खनन करते हुए खदानों में परिवर्तित कर दिया गया है। इस प्रकार से यहां पर बीते हुए लम्बे समय से ईट भट्टो का जिस प्रकार से कारोबार चल रहा है उसके चलते यहां पर रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए भी देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर जिस प्रकार से इन ईट भट्टो को पकाने के लिए हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम करते हुए उनका उपयोग किया जा रहा है उसके चलते हरियाली उत्सव को भी ग्रहण लगने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर इस तरह जहां तहां हो रही गहरी खुदाई के चलते बन रहे गड्ढे निश्चित तौर से बारिश के दिनों में घातक साबित होने से भी नही चूक पाते है।

## खबर संक्षेप

### न्यू क्रिएशन स्कूल के छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता हासिल करते हुये संस्था की साख में लगाये चार चांद




हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। निश्चित ही जब किसी संस्था के बच्चों को सफलता मिलती है तो उस संस्था के शिक्षक शिक्षकाओं सहित प्रबंधन समिति को अपनी व्यवस्थाओं को लेकर खुशी देखने मिलती है। इस बात की सच्चाई हाल ही में घोषित हुये वोर्ड परीक्षा के परिणाम में देखने मिली। बताया जाता है कि ग्राम बसुरिया में संचालित न्यू क्रिएशन इंटरनेशनल हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने कक्षा दसवी वार्ड परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता हासिल करते हुये अपनी संस्था की शाख में चार चांद लगा दिये गये है। बताया जाता है कि इस संस्था में अध्ययनरत छात्रा वर्षा वर्मा पिता लखन लाल वर्मा ने 96.6% एवं प्राची वर्मा पिता भरत पटेल ने 95.6% अंक अर्जित किये गये। वही अन्य छात्र छात्राओं में गौरव वर्मा 93%, स्नेहा वर्मा 92.8%, तनीशा पटेल 89%, सौरव वर्मा 88.8%, अनुष्का बड़कुर 88.8%, सोनाली वर्मा 88.4%, अभिषेक वर्मा 88.4%, नंदिनी वर्मा 88.4%, खुशबू वर्मा 87% अंकों के साथ सफलता अर्जित की गई है। वही संस्था के चार बच्चों ने गणित में 100 में से 100 अंक अर्जित करते हुये एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। इस तरह छात्र छात्राओं की सफलता पर संस्था के डायरेक्टर राजेंद्र परिहार व सुरेश वर्मा सहित प्राचार्य धनराज विश्वकर्मा ने सभी बच्चों को उज्जबल भविष्य की कामना करते हुये प्रसन्नता व्यक्त की गई है।

### पचामा गांव के बेटियों ने शासकीय स्कूल में अपनी सफलता के चलते लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। कहा जाता है कि बेटियाँ जहां घर के लक्ष्मी होने के साथ साथ गांव के गौरव बनने में अब पीछे नही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस जिस तरह ग्राम पचामा शासकीय हाई स्कूल की बेटियों द्वारा वोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करते हुये अपनी संस्था का गौरव बढ़ाया गया है उसके चलते संपूर्ण गांव में खुशी का महौल देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पचामा शासकीय हाई स्कूल में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम में कुमारी माधवी लोधी ने 97.4%अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही सतेंद्र वर्मा 95.6%, मनीषा लोधी 94%, नेहा वर्मा 91% अंक प्राप्त करते हुये अपने साथ साथ अपनी संस्था का नाम रोशन किया गया है। इस तरह ग्राम के गौरव बनने वाले छात्र छात्राओं के लिये संस्था में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर हाई स्कूल पचामा प्राचार्य राजेश गुप्ता, सुश्री उमा वर्मा, बुलंद कुशवाहा सहित सभी शिक्षक शिक्षकाओं सहित ग्रामवासियों को बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की गई।

### सुरभी की सफलता



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नगर के नुपुर हाई स्कूल में अध्ययनरत व ग्राम कौड़िया निवासी कमल राजपूत की बेटी कुमारी सुरभी राजपूत द्वारा कक्षा दसवी की वोर्ड परीक्षा में 500 में से 490 अंक प्राप्त करते हुये 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की गई है। इस छात्रा ने अपने साथ साथ अपनी संस्था व माता पिता का नाम रोशन किये जाने पर शिक्षण संस्था परिवार द्वारा उज्जबल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनायें प्रेषित की गई है।

# ग्राम रायपुर में श्रीराम महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन में पहुंचे तेंदूखेड़ा विधायक पटैल, भगवान रामजी की गाथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भीड़




हरिभूमि न्यूज/चीचली।

समीपस्थ ग्राम रायपुर के शासकीय उ मा विद्यालय के सामने भारत माता की मूर्त पूिजन एवं स्थापना के तत्वाधान मे 12 मई तक आयोजित होने वाले श्रीराम महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन भगवान श्रीराम की गाथायें सुनने के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने भी पहुंचकर जहां पूजन अर्चन करते हुये संतों से आर्शीवाद ग्रहण किया। वही यज्ञ के आयोजन से गाँव का माहौल धर्ममय हो गया है। आयोजन के चलते रात के समय विद्यालय के ही पास तुलसी मानस संस्कृति भवन मे प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम हो रहे है जिसमें कथा वाचकों द्वारा प्रवचन सुनाये जा रहे है। बीती रात प्रवचन मे श्री श्री 1008 श्री जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी शारदानन्द सरस्वती जी महाराज ('कांगड़ा पीठाधीश्वर' हिमाचल प्रदेश) ने कहा कि जीवन में सदाचार का पालन करना सभी के लिए जरुरी है। बच्चें सदाचारी तभी बन पायेगे जब हम उन्हें स्कूली शिक्षा के साथ साथ संस्कारों की शिक्षा प्रदान करेगे। हम सभी अपने बच्चों को संस्कारो की शिक्षा भी दें। इस अवसर पर श्री श्री पूज्य गुरुदेव राजीव लोचनदास महाराज ने कहा कि सत्संग से बहुत कुछ सीखने को मिलता है एवं अच्छी आदतें विकसित होती है। प्रवचन कार्यक्रम में वीरेन्द्र शास्त्री 'मानस पपीहा' (संत बरहटा ) ने कहा कि समाज में अच्छे कार्यों को करने से मन को शांति मिलती है। वही साध्वी सुश्री प्रभा भारती (श्री वृंदावनधाम) ने कहा कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम है उनके व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। शक्तिधाम पीठाधीश्वर दिवाकर महाराज ने प्रवचन में कहा कि अहंकार व्यक्ति को विनाश की तरफ ले जाता है। बताया जाता है कि 12 मई को पूर्ण आहुति एवं भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा।



### संस्था के साथ साथ जिले की सूची में स्थान करने वाली छात्रा को किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** कहा जाता है कि शहर ही नही बल्कि गांवों में भी प्रतिभाये छिपी होती है। जब उन्हें मौका मिलता है तो उभर कर सामने आने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई स्थानीय गुरूकुलम इंटरनेशन स्कूल में अध्ययन करने वाली छात्रा कुमारी जिया पिता मोहन सिंह राजपूत निवासी ग्राम पनागर में देखने मिली है। बताया जाता है कि शिक्षा वार्ड द्वारा घोषित किये गये कक्षा दसवी वोर्ड के परीक्षा परिणामों में इस छात्रा ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल करते हुये अपने साथ साथ संस्था व जिले का नाम रोशन किया गया है। इस तरह छात्रा कुमारी जिया के जिले की मेरिट सूची में शामिल होने पर शाला समिति अध्यक्ष गजराज रुहेला एवं शाला प्रबंधन के सदस्यों द्वारा कु. जिया राजपूत के माता पिता की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

# विभागों की बेशकीमती जमीन पर खड़े बिना हेमर लगे पुराने पेड़



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

शासन प्रशासन हर वर्ष वृक्षारोपण अभियान के नाम पर लाखों रूपए पानी की तरह बहाया जाता है। वही कुछ संस्थाएँ ऐसी भी है जो शहर मे विशिष्ट राजनीतिक हस्तियों की आगमन की खबर से हरकत मे आकर प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण प्रयास करती है। लेकिन हकीकत है कि पूर्व मे शहर मे लगाये गए वृक्षों की हिफाजत करने मे कोताही बरती गयी है। जिसका परिणाम है कि हाल के वर्षो मे लगायें गए बहुत सें वृक्ष सूख गए है तथा हरियाली को लेकर शासन की मंशा पूरी होते हुए कही दिखाई नही दे रही है? विडम्बना की बात है कि यहॉ का लोक निर्माण विभाग तथा वन विभाग अपनी जमीन पर वर्षो से सीना तानकर खड़े पुराने वृक्षों की सुरक्षा कों कोई पहल नही कर रहा है। सूत्रों की माने तो पहले शासन की जमीन के दोनों किनारें लगे जो वृक्ष आधी, बारिश मे धराशायी हो गए थें उनकी कई माहों तक कोई सुध नही ली गयी और उनकी लकड़ी तक गायब हो गयी। कुद इसी प्रकार का हाल लोक निर्माण की भूमि पर लगे हुए बृक्षों को जान पड़ रहा है जानकारी के अनुसार अनेक जगहों पर लोक निर्माण की उसकी जमीनों पर लगे पुरानें पेड़ों को चिन्हित करनें मे बरती गयी लापरवाही के कारण हुई है। गौरतलब है वर्तमान मे भी पी.डब्लू.डी. की जमीन पर बड़ी संख्या मे आम, इमली, सागौन के पुराने वृक्षों का आस्तित्व है। जाहिर है इनमे से कुछ ऐसे वृक्ष भी है जो उम्र दराज होने के साथ साथ हर बरसात मे उनके अचानक गिरने की आशंका बनी रहती है इसलिए सम्बंधित विभाग की जवावदारी है कि ऐसे पुराने वृक्षों के कटवाने की व्यवस्था करें ताकि ये किसी दुर्घटना का सबब नही बने, वृक्षों को चिन्हित न करने के बारे मे यह सच्चाई भी सामने आयी है कि उक्त पुराने दरखतों के तनों पर नियमानुसार हेमर लगानें की व्यवस्था नही की गयी है, जिसका नतीजा है कि लोगों द्वारा इन पर कुल्हाड़ियॉ चलाने मे कोई संकोच नही किया जाता, ऐसा भी मिसालें पहले मिल चुकी है कि शासन की जमीन पर लगें अनेक पुरानें वृक्ष बेरहमी से काट डाले गए। आमजन अकारण उनकी सुख देने वाली छाया से वंचित रह गए। लेकिन आश्चर्यजनक बात है कि इसके बाद भी प्रशासन का अमला सचेत नही हुआ और पुराने वृक्ष असुरक्षित होते चले जा रहे है, इस तारतम्य मे जरूरी कहा जा रहा है कि नपा.की भूमि पर मुख्यमार्गो के किनारे जो सर्वाधिक पुराने पेड़ अविविकसित स्थिति मे हैं उनके कटवाने की व्यवस्था कर उनके स्थान पर नए वृक्ष लगवाना चाहिए। लोक निर्माण विभाग से अपेक्षित है कि फिलहाल उसकी जमीन पर जों पुरानें पेड़ खड़े है उनमें हेमर लगवाकर उनकी सुरक्षा का प्रबंध करना चाहिए।

# नगर के शासकीय कन्या नवीन स्कूल में समर केम्प प्रारम्भ



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

स्थानीय पी एम श्री शास. कन्या नवीन उ मा विद्यालय में समर कैम्प का शुभारंभ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री सीमा डोगरे के मुख्य आतिथ्य व संस्था प्राचार्य श्रीमती लेखा कौरव की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, सेवानिवृत प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक, सुनीता पटैल, सुशील शर्मा, संदीप स्थापक मौजूद रहे। वही कार्यक्रम के प्रारंभ में माँ सरस्वती के पूजन अर्चन उपरान्त विद्यालय की छात्राओं कीर्ति एवं कनक बाथरे द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ कि गया। इस दौरान सरस्वती वंदना पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। वही अतिथियो के स्वागत उपरान्त विद्यालय की छात्रा पूर्वी छीपा के द्वारा देवी स्तुति नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसी श्रृंखला में विद्यालय की छात्राओ नमामि चौरसिया, मुस्कान वर्मा, हर्षिता रजक और पूर्वी छीपा के द्वारा गीत का सुंदर गायन किया गया। कार्यक्रम में इंदुरख्या द्वारा बाँसुरी वादन, सुनीता पटेल द्वारा भजन गायन, योगेन्द्र झारिया द्वारा देशभक्ति गीत गायन के द्वारा छात्राओ को संगीत गायन की प्रेरणा प्रदान की गई। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा समर कैंप के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से कहा कि इसका अधिक से अधिक लाभ लेना है। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अपने बेबाक अंदाज में विद्यालय की छात्रा काव्या कौरव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफलता पूर्वक मंच संचालन श्रीमती अर्चना दुबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रचना श्रीवास्तव, अमित शुक्ला, सत्य नारायण दुबे, आरती विश्वकर्मा, राम नारायण उपाध्याय, राजेश गुप्ता, चंद्रकांत साहू, रंजना शर्मा, श्वेता सेन, मीना पटेल, नितिन दुबे, आभा श्रीवास्तव, संध्या गुप्ता, अमित नगरिया, स्वाति ढिमोले, मनोज उपाध्याय, रामनाथ धानक, विक्रम शर्मा, सोनम साहू, मुकेश विजोरिया, बबीता राजपूत, पार्वती गोड, कपिल सराठे, मलखान मेहरा, मालती मेहरा सहित छात्राएँ मौजूद थी।

# बैकों में दलालनुमा लोगों को संरक्षण मिलने के कारण किसानों को नहीं मिल पा रहा है शासन की योजनाओं का लाभ



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण कस्बे में निवास करने वाले किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाए चलाई जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से किसान क्रिडिट कार्ड, फसल बीमा योजना आदि शामिल है। वही किसानों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली गई है, मगर अक्सर देखा जाता है कि इन बैंकों में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है, इसका उदाहरण इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक में देखा जा रहा है, क्षेत्र के किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया है कि इन बैंकों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के किसान बैंक के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे है? क्षेत्र के कुछ किसानों ने हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए बताया कि इन दिनों क्षेत्र की बैंकों में कुछ दलाल काम कराने की दिशा में सक्रिय है, जिसके चलते अधिकारियों की मिली भगत होने से किसान अपना किसान कें्रडिट कार्ड बनवाने के लिये परेशान होते देखे जा रहे है। वही काम यदि इन दलाल नुमा लोगों के माध्यम से कराया जाता है तो आसानी से हो जाता है? इस स्थिति के चलते इन दलाल नुमा लोगों को बैक अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त होने से इंकार नही किया जा सकता है? जिसमे देखा जावे तो क्षेत्र के कुछ ग्रामीण किसान जो कि खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है, वही किसान क्रेडिट कार्ड को बनवाने के लिए गांव से चलकर शहर पहुंचता है तो अधिकारियों द्वारा उसे कार्ड बनबाने के लिए सीधे दलालों के पास जाने की सलाह देने से नही चूकते है? आरोप है कि जब वह उनके पास पहुचता है तो सीधे 10 से लेकर 20 प्रतिशत राशि की बात पर ही कार्ड बनाने की बात कही जाती है। इस स्थिति में जब किसान अधिकारियों से चर्चा करते है तो बैकों के अधिकारियों द्वारा उस किसान को महिनो तक घुमा घुमाकर परेशान कर दिया जाता है। इस स्थिति में या तो किसान अपना कार्ड बनबात ही नही है या फिर उसे मजबूरी में बैकों द्वारा पाले गये इन तथा कतिथ दलालों की शरण में ही जाना पड़ता है? इस प्रकार के दलाल शहरों की बैको से लेकर ग्रामीण बैकों में आसाली से देख

शिवाजी इंटरनेशनल स्कूल
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM | Class - Play group to 10th
व्यवस्थित प्लेग्राउंड एवं एक्टिविटी क्लासेस, सुरक्षित वाहन सुविधा
Do Visit Once Before Getting Your Child Admitted
सांस्कृतिक परिवेश में सुग्रण व आधुनिक अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा
100% COMPLETE SCHOOL
* Abacus Classes for all students
WITH CBSE PATTERN
100% Digital Smart Classes With Smart Teachers
निरंजन वार्ड, आचार्य महल के पास, गाडरवारा जि. नरसिंहपुर मो. 9977414248

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
नर्सरी से कक्षा सातवी तक
DPIS
प्रवेश निःशुल्क
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, साईंधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.-9039230199, 7224021199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

# जन सहभागिता से हुआ व्यापक स्वच्छता एवं जागरूकता कार्य

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जनपद पंचायतों और नवांकुर संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से जिले के विभिन्न विकासखंडों में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम एवं जल संरक्षण की गतिविधियाँ संपन्न हुईं।





ग्राम पंचायत जलेगांव के महुआ टोला नाला क्षेत्र में चौपाल बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में श्रमदान कर नाले के किनारे जमी गाद, खरपतवार एवं झाड़ियों की सफाई की गई। यह कार्य जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान, विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे, एवं नवांकुर संस्था "जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण" समनापुर रैयत के सहयोग से संपन्न हुआ। संस्था प्रमुख राकेश मरावी एवं मेंटर श्री मनोज तंतुवाय की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। पड़रिया माल ग्राम में "जन जागृति ग्राम विकास प्रस्फुटन आदर्श ग्राम समिति" द्वारा रोरा नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक भीखम सिंह धुर्वे, मेट नरेन्द्र सिंह तेकाम, उदय सैयाम, अनूप मसराम, घनश्याम धुर्वे सहित कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ किए गए जल गंगा अभियान को ग्रामीणों का सक्रिय समर्थन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्रीमती अंजू दुबे, त्रिलोकी नाथ वनवासी, मेंटर खिलावन सिंह गौतम एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनभागीदारी से हुए इन कार्यक्रमों ने स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण चेतना को नई ऊर्जा दी।

ग्राम चंदवाही के शिव मंदिर आवास टोला तालाब में श्रमदान कर सफाई कार्य संपन्न किया गया। इसमें विकासखंड समन्वयक डॉ. नीलेशवरी वैश्य, नवांकुर संस्था के रामफल परस्ते, कंधी परस्ते, तिवारी यादव, सरमन सिंह एवं बाल करण सहित ग्रामवासी सक्रिय रूप से शामिल रहे।ग्राम कौडिया में "ग्राम विकास समिति मझियाखार" नवांकुर संस्था द्वारा नर्मदा नदी के किनारे स्वच्छता अभियान और जल शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# सोनम पाठक ने गणित संकाय में किया टॉप



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** भारत ज्योति हाई स्कूल लालीपुर मंडला कक्षा 12 वीं में अध्यनरत छात्रा कुमारी सोनम पाठक पिता मनोज पाठक निवासी अमरपुर माता स्वाति पाठक ने गणित संकाय में 500 में से 481 अंक प्राप्त कर 96.2 प्रतिशत के साथ प्रावीण्य सूची में पहला स्थान हासिल किया हैं। उल्लेखनीय हैं कि हिंदी में 97, गणित में 100, फिजिक्स में 97, अंग्रेजी में 95 एवं केमिस्ट्री में 92 अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की। छात्रा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों एवं अपने माता-पिता को दिया। सोनम के इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ, परिजन एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने किया औचक निरीक्षण

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर दिया जोर





**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड डिंडोरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौता, बिजौरा, देवरा एवं जोगीटिकरिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की और कार्यों की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष जायजा लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपक आर्मो, नायब तहसीलदार शाहपुर शशांक शेण्डे, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, पटवारी श्रीमती ज्योति बनवासी, सचिव उमाकांत धुमकेती ग्राम पंचायत हिनौता सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने ग्राम पंचायत हिनौता में मध्यप्रदेश वाटरशेड विभाग द्वारा निर्मित शासकीय तालाब, खेत तालाब, चेक डेम, गेबियन संरचना एवं वृक्षारोपण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों सोनू, श्याम सिंह मरावी और लक्ष्मण के खेत तालाबों का भी मुआयना किया। निरीक्षण में पाया गया कि कुछ तालाब शासकीय मापदंडों के अनुरूप नहीं बनाए गए हैं। इस पर उन्होंने आरईएस विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवश्यक निर्देश दिए और संबंधित विभाग के सब इंजीनियर की लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाही की जाएगी। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत हिनौता के परिक्रमा रोड के किनारे एवं तालाब के पास किए गए वृक्षारोपण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वृक्षों की देखभाल की व्यवस्था की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को पौधों की नियमित निगरानी करने एवं उन्हें सुरक्षित बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती मारव्या कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा। शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पूर्ण रूप से पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारसडोली का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारसडोली का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा मंगलवार को जारी परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारसडोली में अध्यनरत छात्रा करिश्मा साहू पिता रामजी साहू ने कक्षा दसवीं में 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विकास खंड मेंहदवानी में प्रथम स्थान प्राप्त किया





इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारसडोली में ही अध्यनरत छात्र सौरभ साहू पिता रज्जू साहू ने भी कक्षा दसवीं में 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विकास खंड मेंहदवानी में प्रथम स्थान प्राप्त कर माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र छात्रा के अविभावकों ने इस सफलता का श्रेय छात्र छात्रा की मेहनत और विद्यालय के समस्त स्टाफ को दिया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारसडोली के प्राचार्य श्री आर के चन्द्रौल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा 2024-25 में सम्मिलित छात्र छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा जिसमें कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा। विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय प्राचार्य आर के चन्द्रौल का कुशल मार्गदर्शन एवं विषयवार शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की मेहनत को जाता है।

# श्रुति साहू ने दसवीं में 93.4 % अंक हासिल कर माता-पिता का नाम किया रोशन



हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल का मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया जिसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मेंहदवानी की छात्रा श्रुति साहू ने 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विकास खंड मेंहदवानी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्रुति साहू के पिता संतोष साहू बुकिंग एजेंट हैं माता रश्मि साहू गृहणी हैं। श्रुति साहू ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता पिता और विद्यालय के समस्त शिक्षकों की दी है। श्रुति साहू की इस उपलब्धि पर समस्त शुभचिंतकों और विद्यालय स्टाफ ने शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## परोसी जा रही अवैध शराब, शाम ढलते ही जमती है महफिल

# मयखानों में तब्दील हुये एनएच 43 के ढाबे

## व्यापारी व सभ्य समाज के लोग परेशान

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में जहां अवैध शराब का व्यापार तेजी से पनप रहा है वही एन.एच.43 कोतमा के बुढानपुर तिराहा केशवाही तिराहा के आगे एच पी पेट्रोल पंप के आसपास स्थित ढावों में शाम ढलते ही शराबियों की महफिल जमती है और खुलेआम जाम से जाम छलकाये जाते हैं

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

बिना किसी डर भय के ढाबा संचालक अवैध शराब का विक्रय कर रहे हैं और यहीं बैठकर शराबी खुलेआम शराबखोरी करते हैं। इस संबंध में अनेको बार स्थानीय आबकारी विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया । बिना किसी भय के ये ढाबा संचालक खुलेआम अवैध शराब का विक्रय कर रहे हैं शाम ढलते ही इन संचालित ढाबो में शराबियों का हुजूम लगता है और खुलेआम महफिल जमा कर जाम से जाम छलकते हैं इसके बाद यहां लड़ाई झगड़ा व अन्य आपराधिक घटनाओं की शुरुआत होती है । नगर के प्रबुद्ध जनों ने इस ओर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से ध्यान देने की मांग की है ।

### व्यापारी व सभ्य समाज के लोग परेशान

जहां एक ओर प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव द्वारा प्रदेश की जनता को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए तरह-तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं वहीं कोतमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 सहित बस स्टैंड के आगे रिहायशी क्षेत्र मे सड़क किनारे शाम ढलते ही जमकर शराबखोरी हो रही है जिससे सभ्य समाज के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है शराबियों द्वारा आए दिन खुलेआम शराबखोरी कर लड़ाई झगड़ा व समाज को शर्मसार कर देने वाली हरकतें की जाती है इनके आतंक से मुक्ति दिलाने हेतु अनेकों बार गांव का प्रबुद्ध समाज एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मोहनी धर्मेंद्र वर्मा के द्वारा स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया परंतु इन शराबियों के ऊपर ठोस कार्यवाही न होने के कारण इनके हौसले बुलंद है। भाजपा नेता धर्मेंद्र वर्मा का कहना है की शाम ढलते ही यह शराबी जाम से जाम टकराते हैं चाय पान की होटल दुकाने शाम के वक्त मयखाने में तब्दील हो जाती हैं और यहां का वातावरण बहुत ही गंदा हो जाता है। इस दिशा में थाना प्रभारी से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

### महिलाओं का घर से निकला मुश्किल

नगर के वार्ड क्रमांक 4 बस स्टैंड के आगे स्थित देशी




अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को रिहायसी क्षेत्र से हटाए जाने को लेकर जिला कलेक्टर सहित जिला आबकारी अधिकारी को स्थानीय वासियों ने ज्ञापन देते हुए मांग की थी कि रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान होने के कारण घरों के आसपास छोटे-छोटे कई होटल संचालित है जिसमें सुबह से लेकर देर रात तक शराब खोरी के साथ ही लड़ाई झगड़ा करते हुए गाली गलौज किया जाता है यहां तक कि महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल है इन शराबियों एवं असामाजिक तत्वो के द्वारा महिलाओं को देखकर छींटाकशी की जाती है। जिसके कारण महिलाओं का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से देसी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को अन्य हटाए जाने की मांग भी की गई थी लेकिन प्रशासन के द्वारा उन मांगों पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण आसपास के रहवासी परेशान है।



## इधर फुनगा में स्कार्पियो वाहन ने उगला 41 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान एवं अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी अनूपपुर के द्वारा जिला अनूपपुर में अवैध शराब परिवहन करने वालो माफियाओं के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भालूमाड़ा संजय खलको के दिशा निर्देशन में अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपियो पर कार्यवाही की गई है। 7 मई को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि कोतमा तरफ से एक सफेद रंग की स्कार्पियो कार में अवैध शराब लेकर शहडोल तरफ परिवहन हेतु जा रही है मुखबिर की सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाहन को साथ मे लेकर चौकी के सामने नाकाबंदी किया कोतमा तरफ से एक सफेद रंग की स्कार्पियो कार मुखबिर की सूचना अनुसार दिखाई दी मौके पर नाकाबंदी कर स्कार्पियो कार को रोकने का प्रयास किया। तब मौके पर स्कार्पियो कार का चालक कार को कुछ दूरी पहले रोककर अंधेरे का लाभ लेकर भाग गया स्कार्पियो कार का नंबर **MP**18**T**2523 था स्कार्पियो कार के अंदर बीच वाली सीट पर 18 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब एवं पीछे वाली सीट के पास अंग्रेजी गोवा शराब 22 पेटी प्रत्येक पेटी में 50 पाव 180 **ml** के पाये गये कुल गोवा अंग्रेजी शराब की 40 पेटी प्रत्येक में 50 पाव होने से कुल मात्रा 360 ली0 कीमती 260000 एवं एक अदद रोयल स्टेज की अंग्रेजी शराब की 01 पेटी जिसमें 24 अद्धा प्रत्येक में 375**ml** जिसकी कुल मात्रा 09 लीटर कीमती 12480 रुपये कुल अंग्रेजी शराब 369 लीटर जिसकी कुल कीमत 272480 रुपये चालक के बगल वाली सीट पर एन्ड्रॉइड मोबाइल कीमती 20000 रुपये का पाया गया उपरोक्त अवैध अंग्रेजी शराब कुल कीमती 272480 मोबाइल की कीमत 20000 एवं स्कार्पियो वाहन क्र. **MP**18**T**2523 की कीमत 15 लाख रुपये कुल कीमत 1792480 रुपये को समक्ष गवाहान वजह सबूत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। स्कॉर्पियो वाहन के चालक के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दण्डनीय पाये जाने पर अपराध क्र. 188/25 धारा 34 (2) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सोने सिंह परस्ते, सउनि कोमल अरजरिया. प्र.आर. सुर्यभान सिंह, आर. वीर सिंह, अमन दुबे शामिल रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर अनूपपुर के लिए डीएम ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**अनूपपुर।** कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर में जुलूस, आमसभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के आए दिन उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होता है एवं परिशांति भंग होने की संभावना बनी हुई है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर के परिसर में ध्वनि विस्तार यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। ज्ञापन सौपे जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार (मेनगेट) पर ही शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए व्यक्ति/संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कोई भी दल/संगठन/आंदोलनकारी व्यक्ति, जुलूस/आमसभा या नारेबाजी/ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिवस पूर्व अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेंगे और निर्धारित स्थल पर ही उक्त गतिविधियां करेंगे। प्रतिबंधात्मक आदेश में उल्लेखित किया गया है कि आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

# कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री आयेंगे अनूपपुर

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 07 मई को रात्रि 10:14 बजे ट्रेन द्वारा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल से अनूपपुर हेतु प्रस्थान करेंगे तथा 08 मई को प्रातः 10:31 बजे रेलवे स्टेशन अनूपपुर पहुंचेंगे व बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11:20 बजे बिजुरी पहुंचेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे

## खबर संक्षेप

### अरहर उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में अरहर दाल का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक कृषक इस तिथि तक अपना पंजीयन अवश्य करा लें। जिले में प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत अरहर उपार्जन के लिए तीन पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं: आदिम जाति सेवा सहकारी समिति डिंडौरी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति और शहपुरा, विपणन सहकारी समिति, गोरखपुर है। इन केंद्रों पर कृषक पंजीयन कराने के साथ-साथ समर्थन मूल्य पर अरहर की बिक्री भी कर सकेंगे। शासन द्वारा अरहर का समर्थन मूल्य 7550.00 प्रति क्विंटल तय किया गया है।पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज में बी-1, खसरा अथवा भू-अधिकार पुस्तिका की छायाप्रति, आधार कार्ड, समग्र ID, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है।

**पंजीयन के माध्यमः**

किसान उपरोक्त दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र, एम.पी. ऑनलाइन सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर (CSC), लोक सेवा केंद्र, साइबर कैफे अथवा एम.पी. किसान एप के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।समस्त कृषकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि 15 मई 2025 तक अरहर के उपार्जन हेतु पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं, जिससे वे शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

### अवैध शराब परिवहन पर बिजुरी पुलिस की कार्यवाही

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध गतिविधियों एवं कारोबार करने वालो पर कडी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है जिसके अनुपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मंसूरी एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमति आरती शाक्य के मार्गदर्शन मे थाना बिजुरी मे 05.05.25 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना कि आरोपी राजेश लकडा अपनी टी व्हीएस जूपिटर स्कूट क्र सीजी 16 सीटी 3928 मे अवैध शराब कोरजा तिराहे के पास बिजुरी मे बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहा है सूचना पर बिजुरी पुलिस द्वारा कोरजा तिराहे के पास रेड की कार्यवाही कर आरोपी राजेश लकडा पिता बहादुर लकडा उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम झीमर पौराधार थाना रामनगर के पास से प्लास्टिक की ट्यूब ,ब्लेडर मे 20 लीटर हाथ भट्ठी की देशी महुआ शराब तथा एक टीव्हीएस जूपिटर स्कूटी रजिस्ट्रेशन क्र. सीजी 16 सीटी 3928 को कुल मशरुका 62000/- रुपये का जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अप. 137/25 धारा 34(1) आब एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

### विभागीय नीतियों/नियम से अवगत कराने कार्यशाला का आयोजन कल

**अनूपपुर।** जिले में विभागीय नीतियों/नियम एवं **RAMP** योजना से अवगत कराने हेतु 09 मई को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें एमपी एमएसएमई डेवलपमेंट पालिसी 2025, एमपी एमएसएमई लैण्ड रूल 2025, एमपी स्टार्ट अप पालिसी 2025, **LEAN**, **IPR** एवं **ZED** स्कीम आदि से अवगत कराया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अनूपपुर के महाप्रबंधक आर.एस.डावर ने जिले के उद्यमी, लघु उद्योग संघ, व्यापारी संघ एवं उद्योग/व्यवसाय स्थापित करने के इच्छुक व्यक्तियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यशाला में उपस्थित होकर विभागीय नीतियों/नियमों की जानकारी से अवगत होकर लाभ प्राप्त करें।

### पोषण आहार वितरण प्रणाली को और अधिक व्यवस्थित व सुगम बनाया जाए-कलेक्टर

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में टेकहोम राशन (टीएचआर) का परिवहन एवं वितरण समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों एवं महिलाओं को वितरण किए जा रहे पूरक पोषण आहार के वितरण प्रणाली को और अधिक व्यवस्थित व सुगम बनाया जाए, जिससे उन्हें समय पर पोषण आहार मुहैया हो सके। कलेक्टर हर्षल पंचोली बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप से दो जनरेटर हुये चोरी

**हरिभूमि न्यूज तेंदूखेड़ा** । विगत दिनों आर्शीवाद पेट्रोल पंप पर रखे दो जनरेटर अज्ञात चोर चोरी करके ले गये हैं। जिसकी लिखित शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।इस संबंध में हमारे प्रतिनिधि को देवेन्द्र नीखरा ने बताया कि पेट्रोल पंप पर एक थ्री फेज तथा एक सिंगल फेज का जनरेटर रखा हुआ था। आवेदक ने जनरेटर की सूचना देने वाले को ग्यारह हजार रुपए नगद पुरस्कार स्वरूप देने की बात कही है एवं सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जायेगा।

### यातायात निरीक्षक ने स्वयं सुधारा अंडरब्रिज पर खराब मिरर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यातायात विभाग लगातार प्रयासरत है बीते दिवस यातायात निरीक्षक संधीर चैधरी ने विपतपुरा जाने वाले अंडरब्रिज पर दोनों ओर लगे खराब मिरर को स्वयं अपनी गाड़ी पर खड़े होकर उपलब्ध साधनों से ठीक किया जिससे वाहन चालकों को आने-जाने में कोई दिक्कत ना हो सके साथ ही दुर्घटना का खतरा भी बना रहता था। मिरर की मरम्मत होने से राहगीरों को आवाजाही में काफी सुविधा होने लगी।

### लोक कला प्रशिक्षण का आयोजन 10 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर में संचालित श्री शंखनाद शिक्षा, सेवा एवं लोक कला प्रशिक्षण प्रसार समिति द्वारा लोक कला एवं भारतीय लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 21 दिवसीय निशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 मई से 31 मई 2025 तक किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न लोक कलाओं में पारंगत कलाकारों के द्वारा मास्टर क्लासेस दी जावेगी।जिसमे रूनाटक, स्किट, मूक अभिनय, लोक नृत्य, लोक गायन, लोक नाट्य, स्कैचिंग,ढोलक, तबला,स्पोकन इंग्लिश, व्यक्तित्व विकास, बेन्जो आदि का प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर्स ट्रेनिंग प्रदान करेंगे। व्यक्तित्व विकास -कंचन पांडे हारमोनियम- मयंक नेमा हर्षित विश्वकर्मा. लोक नृत्य - निखिल अग्रवाल. अनामिका साहू, दिया पटैल. जिया जोशी. लोकनाट्य- रंगकर्मी ऐश्वर्य दुबे, आशीष तिवारी, ढोलक- चिराग धुर्वे. मनु शिवम मेहरा, तबला- प्रतीक पांडे, गिटार-अभि डागोरिया, ऑक्टापैड- ध्रुव पटैल बेन्जो- हर्षित विश्वकर्मा एवं अन्य मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा विभिन्न विधाएं सिखाई जाएगी। जिसमें 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 200 छात्र छात्राएँ भाग लेंगे। प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक स्थानीय नरसिंह पब्लिक स्कूल में होगा।

## स्वास्थ्य कार्यक्रमों व गतिविधियों की ली जानकारी

# कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

### अधिकारी व कर्मचारियों को दिये निर्देश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुधवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि की जानकारी ली और अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश। बैठक में नवीन अनमोल पोर्टल 2.0, गर्भवती माताओं के पंजीयन एवं स्वास्थ्य संस्था में हो रहे प्रसव, पोषण पुनर्वास केन्द्र, टीकाकरण कार्यक्रम, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, शिशु एवं मातृ मृत्यु, आईडीएसपी कार्यक्रम आदि की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।



### कोटपा एक्ट अंतर्गत लगाए जुर्माना

तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बीएमओ एवं संस्था प्रभारी द्वारा निरंतर सतत मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। संस्था में जगह- जगह आईईसी प्रदर्शित की जाये। गंदगी किये जाने पर कोटपा एक्ट अंतर्गत जुर्माना लगाया जाए। बैठक में नवीन अनमोल पोर्टल 2.0 पर चर्चा कर सभी मैदानी कर्मचारियों के लॉगिन बनाये जाने की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी लॉगिन को चालू कराया किया जाये और शत प्रतिशत एंट्री की जाये। गर्भवती माताओं के पंजीयन एवं स्वास्थ्य संस्था में हो रहे प्रसव की जानकारी ली। कलेक्टर ने कम उपलब्धि वाले ब्लॉक द्वारा गर्भवती माताओं के पंजीयन में शत प्रतिशत एंट्री करने के निर्देश दिये। संस्थागत प्रसव की सीएम पोर्टल पर कम एंट्री पाये जाने पर राज्य स्तर से समन्वय कर आने वाली कठिनाईयों का शीघ्र निराकरण किया जाये। उन्होंने कम उपलब्धि पाये जाने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की पृथक से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही पोषण पुनर्वास केन्द्र में बेड आक्यूसपेंसी हमेशा शतप्रतिशत रहे, इसके लिए निरंतर केम्प आयोजित किये जायें।

### शतप्रतिशत कराया जाए टीकाकरण

टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जिन ब्लॉक में 95 प्रतिशत से टीकाकरण एवं पूर्ण टीकाकरण की उपलब्धि है, उन ब्लॉक की सतत मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। आगामी बैठक में शहरी क्षेत्र नरसिंहपुर के मेडिकल ऑफिसर एवं समस्त एएनएम की पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये। कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटे नहीं छूटे, इसके लिए निरंतर मॉनीटरिंग एवं समीक्षा कर शतप्रतिशत टीकाकरण कराया जाये। क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत अभियान की तरह कार्य किया जाये। प्रतिदिन टेस्ट एवं नोटिफिकेशन की रिपोर्ट ली जाये। अधिक से अधिक मैदानी स्तर पर आईईसी आशा, एएनएम, सीएचओ, एमपीडब्लयू के माध्यम से कराई जाये और शेष हितग्राहियों की सूची के अनुसार फूड बास्केट वितरण किया जाए।

### आईएचआईपी पोर्टल पर हो शत प्रतिशत एंट्री

बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत टीम की कमी पाये जाने पर चांवरपाठा ब्लॉक में अधिक होने पर ब्लॉक करेली में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एप तैयार कर जिन मरीजों का उपचार चल रहा है, उनके परिवारों को मैसेज भेजकर जागरूक किया जाए। मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिन क्षेत्रों में डेंगू के अधिक केस पाए गए हैं, उन क्षेत्रों का एक सप्ताह में प्लान तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। पंचायत विभाग के समन्वय से संयुक्त रूप से मैदानी अमले के माध्यम से घर- घर जाकर आईईसी की जाए। शिशु एवं मातृ मृत्यु की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि एएनसी के दौरान एक्लेमशिया एवं प्री-एक्लेमशिया के हितग्राहियों के बीपी की निरंतर जांच की जाये। उन्हें निरंतर कैल्शियम की गोली का वितरण किया जाये, जिससे मातृ मृत्यु में कमी लाई जा सकें। आईडीएसपी कार्यक्रम के अंतर्गत आईएचआईपी पोर्टल पर शत प्रतिशत एंट्री की जाए, चिकिन पाक्स के केस की जिन क्षेत्रों में वृद्धि हो रही है, उन क्षेत्रों में आईईसी की जाये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्याम सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. जीसी चैरसिया, समस्त कार्यक्रम अधिकारी, बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग के समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शैलेंद्र चौधरी का नगर में हुआ भव्य स्वागत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** म.प्र अजाक्स संघ की जिला इकाई के तत्वाधान में यूपीएससी वर्ष 2024 की परीक्षा में 362 वी आल इंडिया रैंक प्राप्त कर उत्तीर्ण करने वाले शैलेंद्र चौधरी पिता इंजी. एम. के. अहिरवार का स्थानीय अंबेडकर पार्क नरसिंहपुर में परिजनों सहित उनकी माता जी श्रीमती माया अहिरवार, भाई डॉ. संजय अहिरवार (एमबीबीएस) का स्थानीय अंबेडकर पार्क इतवारा बाजार नरसिंहपुर में भव्य स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए स्वागत रैली का आयोजित किया गया रैली के दौरान अजाक्स संघ सहित नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संगठनों ने सम्मान किया इसी क्रम में म. प्र. डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन द्वारा इंजीनियर चैराहे पर स्वागत सम्मान का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। रैली का समापन अंबेडकर पार्क में हुआ वहां पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने शैलेंद्र चैधरी एवं उनके परिवार जनों का स्वागत सम्मान कर खुशी व्यक्त करते हुए नरसिंहपुर जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उक्त अवसर पर म.प्र.अजाक्स जिला नरसिंहपुर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक पारिवारिक पारिवारिक सदस्य, मातृ शक्तियां, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत बंशीलाल अहिरवार जिला अध्यक्ष म. प्र.अजाक्स द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## हाकी अकादमी के प्रयासों से जिले को मिली नई दिशा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** हॉकी स्टेडियम में विगत 14 वर्ष से हॉकी अकादमी इस जिले मैं राष्ट्रीय खेल हॉकी को जीवित रखा है एक समय था जब जिले मैं हॉकी खेल बिल्कुल खत्म हो गया था, कई बर्षों से अकादमी ही अपने तरफ से इस मैदान को सुरक्षित रखी है, 60-70 छात्र छात्राएँ हॉकी खेलते दिखते है शहर के 200 वरिष्ठ नागरिक सुबह सायं स्वस्थ लाभ लेते है। अकादमी फिटनेस सेंटर के कई छात्र छात्राएँ पुलिस, सेना की तैयारियों मैं लगे दिखते है, इन सबके पीछे हॉकी अकादमी का योगदान है एक समय जब इस मैदान मैं कोई नहीं दिखता था, दिन रात असामाजिक लोगों का जामाबाड़ा लगा रहता था पूरा नरसिंहपुर इसका गवाह है, इस ऐतिहासिक हॉकी स्टेडियम में 1973 में इन्डिया फ्रांस का मैच हुआ था तब हॉकी स्टेडियम का निर्माण हुआ था, बर्ष 2011 में नरसिंहपुर हॉकी अकादमी की स्थापना के बाद इस जिले के कई छात्रों ने मध्य प्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया, प्रदेश मैं नरसिंहपुर हॉकी के नाम से जाना जाने लगा, 2011 से आज तक हॉकी अकादमी नरसिंहपुर के प्रयास जारी है अपने खर्चा पर मैदान का रखरखाव रखते है जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, गणमान्य नागरिको की नजर भी इस ओर हो, जिससे मैदान पर सुविधाओं का विस्तार हो सके, यह मैदान शिक्षा विभाग उत्कृष्ट विधालय के नियंत्रण में आता है इसके अध्यक्ष कलेक्टर होते है, विद्यालय से खेल प्रांगण दूर होने से इसका रख रखाव नहीं करते, यह जिले का एक मात्र हॉकी मैदान है, हॉकी स्टेडियम मैं आवश्यकता एस्ट्रो टफ लगाने की, चैकीदार, हॉकी मैदान के चारो ओर जाली फैंसिंग लगाना अतिअवश्य है।

### ट्रेक्टर पलटने से 5 लोग घायल

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** बीती रात बरमान से स्नान कर घर लौट रहे ग्रामीण घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गौराबीबी निवासी ग्रामीण स्नान करने के लिए बरमान गए हुए थे जो लौटकर घर जाते समय मुड़यिा के पास ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित हो गई जिससे 5 लोग घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## सांदीपनि विद्यालय का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस घोषित हुये हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम 2025 में सांदीपनि विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में सम्मिलित 63 छात्राओं में सें सभी 63 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। जिनमें कुमारी प्रियंका मेहरा 96.6 प्रतिशत, कु. परी गुप्ता 95.2प्रतिशत, कु. स्वीटी साहू 95.2 प्रतिशत, आकांक्षा मेहरा 94.6प्रतिशत , कु. वैष्णवी रजक 93 प्रतिशत, कु. साक्षी तिवारी 92 प्रतिशत, कु. दिव्या गोस्वामी 92, कु. दिव्यांका लोधी 91.8, कु. आकांक्षा विश्वकर्मा 91.6, कु. अनुश्री मेहरा 91.2, कु. अक्षरा पटेल 90, कु. नमामी कुर्मी 89.4 इस प्रकार विद्यालय की प्रावीण्य सूची में सम्मिलित हैं। कक्षा 12वीं में कला संकाय 100, गणित संकाय 100, जीव विज्ञान संकाय 98.64 प्रतिशत के साथ कुल 76 छात्राओं में से 75 छात्राएं प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुई है। जिनमें अंग्रेजी माध्यम की कु. अंशिका नेमा (गणित संकाय) में 89.6, कु. खुशबू गोस्वामी (जीवविज्ञान संकाय) 89.4 और कु. चिंकी साहू हिन्दी माध्यम (संकाय गणित) 88.2 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च परिणाम प्राप्त किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के कुशल निर्देशन विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के अथक प्रयास और मार्गदर्शन के साथ छात्राओं की विषय के प्रति रूचि और अथक परिश्रम से विद्यालय के यह परीक्षा परिणाम प्राप्त हुए है। जिसके लिए समस्त छात्र-छात्राएं और सहयोगी स्टॉफ को प्राचार्य ने बधाई और शुभकामना प्रेषित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से सतत सहयोग की अपेक्षा जाहिर की है।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

सोमवार, दिनांक 05/05/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 05 मई से 06 जून तक जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान मे आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे नगर सिंथेटिक एस्ट्रोटर्फ हांकी मैदान मे किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे आपके करकमलों से सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। इसके पश्चात विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन सहित अतिथियों का पौधे भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके उपरांत आपके हस्ते 24 वीं राज्य स्तरीय वुशु स्पर्धा स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तने वाले जिले के खिलाड़ियों को ट्राफियां प्रदान कर सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थित खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार लगातार खेलों को बढ़ावा देने खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान कर रही है। आज से खेल शिविर प्रारंभ हो रहा है आप सभी पूरी मेहनत लगन के साथ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन मे मन लगाकर खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त करें।

## जल संगोष्ठियों के माध्यम से दिया जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में अब तक 206 जल संगोष्ठी आयोजित की गई। यह जल संगोष्ठियां मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में परिषद की विभिन्न संस्थाओं जैसे नवांकुर,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के छात्र - छात्राएं व परामर्शदाता तथा नर्मदा सेवा समितियों के साथ-साथ धार्मिक,सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया गया। साथ ही अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित भी किया गया। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा ने बताया कि विकासखंड चांवरपाठा, सांईखेड़ा, ग्राम बम्होरी- तिंदनी, ग्राम पंचायत भमका, करेली, सालीचैका, शासकीय माध्यमिक विद्यालय छीतापार, ग्राम राखी- भैंसा, खुर्शीपार, ग्राम पंचायत बसुरिया, चीलाचैन खुर्द, बेरखेड़ी- पलेरा, ग्राम पटनिया, चीलाचैनखुर्द, सुआतला, ग्राम पंचायत सिंहपुर छोटा सहित अन्य ग्रामों, वार्डों, स्कूलों सहित महाविद्यालयों में जल संगोष्ठी आयोजित की गई। श्री शर्मा ने बताया कि इन जल संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीणों को जल के महत्व व पूर्व में जल संचय, प्रबंधन व तकनीकियों पर चर्चा की गई। नागरिकों को बताया कि जल संरक्षण व संवर्धन की लिए तीन चरणों में कार्य करना चाहिये। प्रथम चरण में माह मार्च, अप्रैल, मई एवं जून में वर्षा जल संचय के लिए जल संरचनाओं का निर्माण, द्वितीय चरण में माह जुलाई, अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर में वर्षाकाल के दौरान सघन पौधारोपण और तृतीय चरण में माह नवम्बर, दिसंबर, जनवरी एवं फरवरी में बहते जल को रोकने के लिए बोल्डर चेक, बोरी बंधान, गली प्लग आदि के कार्य किये जायें। संगोष्ठी के दौरान नागरिकों ने जल संरक्षण व संवर्धन के लिए सामुदायिक सहभागिता से कार्य करने की सहमति जताते हुए सभी ने शपथ भी ली।

## सर्वोदय विद्यालय का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

### दसवीं बारहवीं का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**हरिभूमि न्यूज तेंदूखेड़ा** । विगत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सर्वोदय विद्यालय हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठतम रहा । हिंदी माध्यम में कक्षा दसवीं में 55 विद्यार्थी सम्मिलित हुए सभी उत्तीर्ण रहे । कक्षा 12वीं हायर सेकेंडरी परीक्षा में 54 विद्यार्थी सम्मिलित हुए सभी ने उत्तीर्ण हुए ।अंग्रेजी माध्यम में कक्षा दसवीं हाई स्कूल परीक्षा में 61 विद्यार्थी सम्मिलित हुए सभी उत्तीर्ण हुए । हायर सेकेंडरी 12वीं में 64 विद्यार्थी सम्मिलित हुए सभी उत्तीर्ण हुये।सर्वोदय इंग्लिश मीडियम विद्यालय की छात्रा प्रांजल शर्मा पिता दर्शन शर्मा ने कक्षा दसवीं में 500 में से 491 अंक प्राप्त करके मध्य प्रदेश की प्रवीण सूची में दसवां स्थान प्राप्त करके विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा राशि पटेल पिता दिनेश पटैल ने 97.4 प्रतिशत अंक एवं सिमरन पटैल पिता राधेश्याम पटैल ने 97.2 प्रतिशत अंक श्रेयांशी पटेल पिता ओमकार पटैल ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये ।छात्रा सुरभि कुशवाहा ने 96.2 अंक सजल चौरसिया ने 93.4 प्रतिशत अंक छात्रा अनु शुक्ला पिता अरविंद शुक्ला ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।कॉमर्स संकाय के छात्र ईशान जैन पिता मनीष जैन ने 95.8 प्रतिशत अंक कुमारी अंशिका शर्मा पिता नारायण शर्मा ने 95.2 प्रतिशत प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में छात्र सिद्धार्थ पटेल पिता तेज राम पटैल ने 96.02 प्रतिशत अंक हर्षित मलैया पिता मोहन मलैया ने 94 प्रतिशत अंक हासिल किये।हिंदी मध्यम सर्वोदय विद्यालय के छात्र स्वयं जैन पिता नितिन जैन ने हाई स्कूल परीक्षा कक्षा दसवीं में 487 अंक प्राप्त किये ।कु अनुष्का पटेल पिता कन्हैया लाल पटेल ने 476 अंक आयुष तिनगुरिया आत्मज अनिल कुमार ने 472 अंक छात्र दिव्यांश शर्मा पिता शैलेश शर्मा ने 460 अंक छात्र स्वरित जैन पिता नितिन जैन ने 458 अंक छात्र प्रिंस नाथ पिता दीनदयाल ने 455 अंक प्राप्त किये है। हायर सेकेंडरी स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में सर्वोदय हिंदी माध्यम में कु कीर्ति लोधी पिता दीनदयाल लोधी ने 468 अंक छात्र देवजीत किरार पिता राजेश किरार ने 462 अंक छात्र जय नारायण शर्मा पिता मुकेश शर्मा ने 456 अंक छात्रा वैशाली चौरसिया पिता पुरुषोत्तम चौरसिया ने 455 अंक छात्र प्रियांश पटेल पिता अरविंद पटेल एवं विशाल पटेल पिता रामेश्वर पटेल ने 451 अंक प्राप्त किये है।सर्वोदय विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्राचार्य सर्वोदय हिंदी माध्यम इंग्लिश मीडियम प्र सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए बधाई प्रेषित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है । इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के आने पर संपूर्ण क्षेत्र में छात्रों अभिभावकों के बीच प्रसन्नता की लहर देखी जा रही है। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम में विद्यालय अध्यापन करने वाले शिक्षकों का मार्गदर्शन अथक परिश्रम सराहनीय रहा है।